# Speaking at Public Meeting, Hapur

February 05, 2017

हाँ एक बात अलग है कि मुझे बहुत तंग करते हैं राजेंद्र जी, हर थोड़े देर में, हर थोड़े दिन में आके मेरे को हापुर के लिए यह चाहिए, मेरठ के लिए यह चाहिए, कुछ न कुछ डिमांड लेके आते जाते हैं और मुझे तंग करते रहते हैं राजेंद्र जी | पर स्वाद है उस तंग होने में भी बड़ा स्वाद है क्योंकि इतने सरल भाव से, इतने प्यार से माँगते हैं कि देने का इक्षा होती है, और करने की इक्षा होती है हापुर के लिए, इनके पूरे इलाके के लिए | साथ ही साथ हमारे यहाँ के प्रत्याशी, मेरे छोटे भाई विजय पाल जी, अदिति जी, इनका जो काम है, इनका जो स्वभाव है यह शायद राजेंद्र जी से भी ज्यादा सरल है | और यह कुछ आपके हापुर की धरती में शायद ऐसा मुझे देखने को मिल रहा है कि लोगों में जितना व्यवस्था, प्यार, जैसे मैं आया अभी पूरे व्यवस्थित रूप में हवाई अड्डे पे हेलीकाप्टर से उतरा यहाँ पहुंचा, कोई हडबडाहट नहीं | और मुझे इतना आनंद आया जब मैं इनको मिला, हसमुख स्वभाव के, कोई ज्यादा बोलना नहीं और काम के बारे में जब से मैं आया हूँ मुझे यह बता रहे हैं कि यहाँ पे मुझे आलू के किसानों के लिए यह चाहिए, किसानों के गन्ना जो बकाया है उसके लिए आप यह करिए | मुझे बता अच्छा लगा विजय जी आपका बहुत ही अच्छा |

यहाँ की हमारी चेयरपर्सन नगरपालिका की श्रीमती मालती भारती जी, विनीत शारदा जी, व्यापारी नेता उत्तर प्रदेश के, आपके इलाके की बहुत चिंता करते हैं | विजेंद्र महेश्वरी जी, संजय कृपाल जी, विजेंद्र बंसारी जी, मूलचंद त्यागी जी, प्रफुल सरस्वती जी, निशांत सिसोदिया जी, जगदीश प्रधान जी, विनोद गुप्ता जी, संजय त्यागी, वैसे तो लिस्ट इतनी लम्बी होती जा रही है मैं समझता हूँ मैं यहाँ रुकूंगा

सभी हमारे सन्मान्य नेतागण, सभी हमारे पदाधिकारी, सभी समाज के वरिष्ठ नेता, व्यापारी नेता, किसान नेता और हापुर के नागरिकगण, बहनों और भाइयो और प्यारे बच्चों, बहुत अच्छा लग रहा है मैं पहली बार आज हापुर आया हूँ लेकिन आप सबको मिलके बहुत आनंद आ रहा है | वैसे कहते हैं यह 10वीं शताब्दी में बना था हापुर, इतना प्राचीन शहर है कि 10वीं शताब्दी से आज तक चाहे वह किसानों का क्षेत्र बोले, चाहे व्यापारियों का क्षेत्र बोले और यहाँ तो स्टेनलेस स्टील का बहुत व्यापार होता है सुना है | पाइप, ट्यूब, अलग अलग प्रकार से और अगर देखें तो ऐसा मिलन जहाँ व्यापारी भी बड़े रूप में हैं, किसान भी बड़े रूप में हैं, हर समाज के लोग हैं, दलित समाज के हमारे बहुत सारे यहाँ भाई बहन रहते हैं | एक जब पूरे समाज का मिलन होता है तभी देश की और प्रदेश की प्रगति होती है | आखिर हमारी सरकार तो पहले दिन से सबका साथ सबका विकास इस मूल्य मंत्र पे ही काम कर रही है और मुझे आनंद है कि गत तीन वर्षों में जिस प्रकार से अलग अलग वर्गों के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में काम हुआ है, जिस प्रकार से अलग अलग समाज के वर्गों को प्रगति के राह पे लेके जाने का काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने दिल्ली में किया अब उत्तर प्रदेश की जनता ने भी मन बना लिया है कि यह डबल इंजन की दूसरी इंजन भी प्रदेश की सरकार भी भारतीय जनता पार्टी की बनेगी और जब दोनों इंजन साथ में काम करेंगी तभी विकास को तेज़ी से आगे लेके जाया जा सकेगा |

और अब परिवर्तन का समय आ गया है, परिवर्तन हर वर्ग के लिए, वास्तव में जब मैं यहाँ आ रहा था तो मैं याद कर रहा था मेरा एक भाषण मैंने मुंबई में बाबा साहेब आंबेडकर जी पे किया था | हम सब बाबा साहेब आंबेडकर जी को याद करते हैं, बड़ा सम्मान करते हैं, उनकी इज्जात है कि इस देश में अगर किसी ने स्वाभिमान दिलाया दलितों को, अगर किसी ने भारत की अर्थव्यवस्था को एक

अच्छा मज़बूत शेप दी तो उसमें बाबा साहेब आंबेडकर जी का बहुत बड़ा योगदान था |

वास्तव में प्रधानमंत्री जी ने हाल ही में BHIM App launch किया था, Bharat Interface for Money. यह भीम अप्प के माध्यम से पैसे का आदान-प्रदान बहुत सरल तरीके से किया जा सकता है | लेकिन यह आप सब याद रखिएगा यह भीम अप्प आज देशभर में तो प्रचलित होते जा रहा है, आगे आने वाले दिनों में यह विश्व स्तर पे, विश्व स्तर पे जो पैसे का लेन-देन का कारोबार है, जो financial activities होती हैं वह बैंकों से ज्यादा भीम अप्प के माध्यम से किया जाएगा और पूरा विश्व बाबा साहेब आंबेडकर को पहचानेगा कि उन्होंने जो भारत की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए जो मज़बूत योगदान दिया था वह प्रधानमंत्री मोदी जी ने BHIM App के माध्यम से पूरे विश्व को पहचान बाबा साहेब की पहुंचाएंगे |

वास्तव में आज जो रिज़र्व बैंक भी है इसकी भी कल्पना बाबा साहेब आंबेडकर ने की थी, जो हमारा सेंट्रल बैंक, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया है | और मैं जिस खाते का मंत्री हूँ आज केंद्र सरकार में बिजली और विद्युत् मंत्री, आपको जानके हैरानी होगी कि विद्युत् मंत्रालय के साथ सबसे ज्यादा जुड़ाव बाबा साहेब आंबेडकर का था | आज अगर भारत में एक Central Technical Power Board या जिसको हम National Powergrid System कहते हैं उसकी कल्पना सबसे पहले बाबा साहेब आंबेडकर ने की थी | और यह जो multipurpose projects हैं जैसे Damodar Valley Corporation जो सिंचाई और बिजली, दोनों का जो मिलन भारत में हुआ है इसकी सबसे पहले सोच बाबा साहेब आंबेडकर की थी | उन्होंने यह सोचा था कि जब तक किसानों को पर्याप्त मात्रा में सस्ती बिजली नहीं मिलेगी तब तक किसान का उत्पादन नहीं बढेगा, तब तक किसान के जीवन में सुधार नहीं आएगा | और यह मैं नहीं कह रहा हूँ, यह बाबा साहेब आंबेडकर ने लिखा है अपने विचारों

में अपनी सोच में कि हर किसान को सस्ती और पर्याप्त बिजली मिले तभी सिंचाई हो सकेगी और जब सिंचाई होगी और पर्याप्त पानी पहुंचेगा तब किसान की आमदनी बढ़ेगी, उत्पादन बढेगा और उसका जीवन और अच्छा होगा | और वास्तव में यही काम प्रधानमंत्री मोदी जी ने मेरे जिम्मे दिया है और मुझे आपको बताते हुए ख़ुशी होती है कि हमने अपने 2017 चुनाव के संकल्प पत्र में भी और हमने इसको manifesto नहीं कहा है, यह हमारा संकल्प है, हमारी प्रतिबद्धता है कि हमें यह सब चीज़ें करनी हैं | और मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ जब यह संकल्प पत्र बना मैं भी उसमें जुड़ा हुआ था इस काम में विनयशील जी ने जब सुझाव रखा था कि व्यापारी कल्याण बोर्ड होना चाहिए, हमने उसमें व्यापारी कल्याण बोर्ड सम्मिलित किया और सरकार बनते ही हम व्यापारी कल्याण बोर्ड बनाके व्यापारियों की चिंता करेंगे, व्यापारियों की समस्याओं चिंता करेंगे |

लेकिन साथ ही साथ जब तक किसानों को पर्याप्त बिजली सस्ती नहीं मिले, बाबा साहेब आंबेडकर की दी हुई हमें शिक्षा को ध्यान में था तो हमने यह कहा है कि पर्याप्त बिजली सस्ती दरों पे देने का किसानों को यह हमारी प्राथमिकता रहेगी | और साथ ही साथ यह भी प्राथमिकता रहेगी कि जो फसली ऋण है छोटे और सीमान्त किसानों का उन लघु और सीमान्त किसानों का फसली ऋण हम तुरंत माफ़ करेंगे जैसे ही भारतीय जनता पार्टी की सरकार राज्य में आएगी | क्योंकि हम समझते हैं गत वर्षों में किस प्रकार से सूखे के कारण किसानों का ऋण बढ़ते गया और किसानों को समस्या रही है, साथ ही साथ आगे जो नया कर्जा लेना पड़ता है किसान को अपने फसल के लिए वह ब्याज-मुक्त होगा, बिना ब्याज के दिया जाएगा |

गन्ना किसानों की एक बहुत ही समस्या रही है गत दो-तीन वर्षों में, प्रदेश सरकार को हमने काफी कई रूप से समर्थन दिया उनको सहयोग दिया कि वह गन्ना

किसानों की चिंता कर सके लेकिन मुझे अभी अभी बताया कि अभी भी गन्ना किसानों का पूरा भुगतान हुआ नहीं है उनके फसल का | तो हमारी सरकार, भाजपा की सरकार बनने के 120 दिन के भीतर ही पूरा जो पैसा गन्ना किसानों का बकाया है उसको चीनी मिलों को बिठाके, बैंक को बिठाके हमारी प्रदेश की सरकार 120 दिन के अन्दर इस पूरे बकाया को गन्ना किसानों का पूरा करेगी, यह हमारी प्राथमिकता है, यह हम आपको विश्वास दिलाते हैं |

आपको पता नहीं जानकारी है कि नहीं एक कानून है, और कई वर्षों से एक कानून है कि गन्ना किसान का जो उत्पादन है उसका भुगतान 14 दिन में करना चाहिए, 14 दिन में | और यह सालों साल इस कानून का पालन नहीं किया गया | हमने फैसला किया है कि उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार आगे आने वाले वर्षों में यह सुनिश्चित करेगी कि 14 दिन के अन्दर हर एक गन्ना किसान को अपना पूरा पैसा मिले अपने उत्पादन का जिससे अगली फसल की वह तैयारी कर सके | एक बड़ी समस्या है आलू के किसानों की, आलू के किसानों को कुछ न्यूनतम समर्थन मूल्य का फायदा नहीं मिलता है इतने वर्षों में | हमने ऐसा तय किया है कि आलू, प्याज़, लहसुन आदि इस प्रकार की वस्तुओं का जिसका हापुर में, के आस पास जो किसान है, आलू किसान है उनको लाभ मिल सके इसलिए आलू के भी उत्पादन पे न्यूनतम समर्थन मूल्य देके उसकी भी चिंता की जाएगी और उनका भी minimum support price declare करके उनको भी फायदा हो, उनके भी जो फसल होती है उसका सही दाम आलू .... यह भी फैसला किया गया है और उत्तर प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार ... पूरा करेगी |

किसानों को कई बार दुर्घटना के कारण कभी सूखा पड़ जाता है कभी बाढ़ होती है, तो फसल का पूरा पैसा नहीं मिलता है | केंद्र सरकार ने पहली बार शत-प्रतिशत किसान के नुक्सान का पूरा भुगतान हो ऐसी नयी फसल बीमा योजना जो

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की है वह इच्छुक और ज़रूरतमंद किसानों को, इसपे कोई ज़बरदस्ती नहीं की जाएगी, जो इच्छुक है जो ज़रूरतमंद है, इन किसानों को शत-प्रतिशत भुगतान मिले, आपके कभी नुक्सान हो जाये फसल का तो शत-प्रतिशत नुक्सान कम प्रीमियम पे, उसको प्रीमियम बहुत थोड़ी देनी पड़ी और शत-प्रतिशत नुक्सान पूरा हो यह भी भारतीय जनता पार्टी सुनिश्चित करेगी | और आपको जानके ख़ुशी होगी पिछले वर्ष लगभग दो गुनाह किसानों को इसका लाभ मिला, दो गुनाह किसान इसका लाभ ले पाए थे पिछले वर्ष और मुझे पूरा विश्वास है आगे चलके हापुर के भी किसान इसका लाभ ले पाएंगे | साथ ही साथ हमने तय किया है कि उत्तर प्रदेश में जिल्ला स्तर पे फ़ूड पार्क बनाया जाये जिससे जो आपका उत्पादन होता है उसको सस्ते दर पे देने के बदले उसको प्रोसेसिंग करके आप भेज सके जिससे आपको पूरी तरीके से उसका सही मूल्य भी मिले और यहाँ नए रोज़गार के अवसर मिले | 70 लाख नए रोज़गार और स्वयं रोज़गार के अवसर उत्तर प्रदेश में हम बनाएंगे ऐसा भारतीय जनता पार्टी ने ऐलान किया है उसके लिए मुद्रा योजना का इस्तेमाल करके स्वयं रोज़गार को प्रोत्साहन दिया जाएगा | व्यापारियों को करों से मुक्त करके कम उनके ऊपर इनकम टैक्स लगे उसको सुनिश्चित किया जाएगा और अभी अभी आपने देखा व्यापारियों का जिनका टर्नओवर 50 करोड़ तक है जिसमें छोटे व्यापारी सभी कवर हो जाते हैं उनकी इनकम टैक्स की रेट 30% से कम करके 25% की गयी है | और जो छोटे व्यापारी भी हैं वह अपनी private limited company बनादें तो उनका इनकम टैक्स 30 के बदले 25% हो जाएगी |

साथ ही साथ जो बहुत लघु व्यापारी हैं, छोटे व्यापारी, दो करोड़ तक की जिसकी टर्नओवर है उनको तो हमने कहा है आपको खाते भी रखने की ज़रूरत नहीं है, कोई रिकॉर्ड रखने की ज़रूरत नहीं है, कोई ऑडिट की ज़रूरत नहीं है, दो करोड़

रुपये, यहाँ जितने दुकानदार बैठे हैं इन सबको इसका लाभ मिलेगा | जिसका भी व्यापार दो करोड़ रुपये का सालाना टर्नओवर से कम है उसको बिना किताब रखे एक presumptive income के scheme में ले लिया है जिसमें समझो किसी का एक करोड़ का टर्नओवर है, उस एक करोड़ के टर्नओवर में अगर वह BHIM app का इस्तेमाल करे या चेक से या डेबिट कार्ड से, Rupay card से, अलग अलग सुविधाएं हैं, बिना पैसे के, बिना नकद नोट इस्तेमाल करे अगर जितना आप टर्नओवर करोगे उसपे मात्र 6% आपके टर्नओवर का आपको इनकम टैक्स के दिखाना पड़ेगा, उसको अपनी आय दिखानी पड़ेगी, इनकम दिखानी पड़ेगी | और जो नकद करोगे उसपे 8%, तो मैं उसदिन कैलकुलेट कर रहा था अगर किसी का एक करोड़ का टर्नओवर है और वह डिजिटली करे बिना रोकड़े के करे तो मात्र 6 लाख उसकी इनकम गिनी जाएगी और 6 लाख में अगर वह अपना घर खरीदता है तो घर का जो ब्याज है वह भी टैक्स में छूट मिलेगी, डेढ़ लाख रुपये तक वह किधर निवेश करता है तो 80C में डेढ़ लाख की वह निवेश पे भी छूट मिलेगी | एक हेल्थ की इन्शुरन्स निकालता है अपने स्वास्थय के लिए तो उसके भी बीमा पे जो प्रीमियम भरे उसकी भी छूट मिलेगी तो शायद उसकी इनकम टैक्स शून्य हो सकती है, शून्य |

और दो करोड़ रुपये तक जिसकी टर्नओवर है उसको भी 10-5,000 रुपये, 15,000 रुपये से ज्यादा इनकम टैक्स नहीं भरना पड़ेगा, कोई किताब नहीं रखनी पड़ेगी, कोई बहीखाता नहीं रखना पड़ेगा और कोई आपको आके तंग नहीं कर सकेगा, कोई आपको आके बिना बात का हैरस नहीं कर सकेगा |

मैं खुद एक व्यापारी हूँ और मैं व्यापारियों की चिंताओं से अपने आपको भली-भांति सब अवगत रखता हूँ, समझ रखता हूँ, क्या हो रहा है देखता रहता हूँ | आखिर यह नोटबंदी करी इसका देश को कैसे लाभ होगा, कई बार जब व्यापारी अपना

काम करना चाहता है तो 10 व्यापारी एक काम में लगे हुए हैं उसमें से एक-दो व्यापारी गलत काम करते हैं | अधिकांश भारत का व्यापारी इमानदार है, गलत काम नहीं करता है और नहीं करना चाहता है पर एक-आद व्यापारी कोई गलत काम करता है और टैक्स नहीं भरता है, टैक्स की चोरी करता है तो दूसरे व्यापारियों को व्यापार करना मुश्किल हो जाता है | आखिर अगर यह bottle का व्यापार 10 लोग करते हैं, 9 लोग इसपे टैक्स भरते हैं, 1 आदमी टैक्स की बचत करता है तो उसकी तो जो सामान है वह बाकियों से सस्ता हो जाता है, वह सस्ता बेचता है तो 9 लोगों को नुक्सान होता है, अहिस्ते अहिस्ते इन 9 लोगों को भी गलत कामों में जाना पड़ता है | और ऐसी स्थिति हो गयी कि आप गलत काम नहीं करो तो आप व्यापार नहीं कर सकते हो और पूरा समाज एक प्रकार से एक गलत रास्ते पे जाने के लिए प्रोत्साहित होते गया और उसका सबसे बड़ा नुक्सान व्यापारी को कैसे होता है क्योंकि टैक्स के रेट्स बढ़ते जाते हैं, जब कम लोग टैक्स भरते हैं तो टैक्स के रेट बढ़ते जाते हैं |

जैसे उत्तर प्रदेश में बिजली का बिल सब नहीं भरें तो बिजली के दाम बढ़ते जाते हैं और आज वही हो रहा है, कुछ चुने हुए लोग बिजली का बिल नहीं भरते हैं, चोरी करते हैं | और उसके कारण आप सबको बिजली के बिल में बढ़त हो जाती है, बिजली के रेट बढ़ जाते हैं तो नोटबंदी करने का सबसे बड़ा कारण यह था कि जब सभी लोग सामान्य टैक्स भरेंगे, एक तरफ़ा काम करेंगे तो व्यापार भी शुद्ध होगा, व्यापार सभी के लिए एक दर्जे का होगा, सभी जब इमानदारी से टैक्स भरेंगे तो टैक्स के रेट्स भी कम होंगे, सबके ऊपर भोजा कम होगा | और जब सब लोग इमानदारी से व्यापार करेंगे तो कोई भी व्यक्ति को गलत काम करने का लाभ नहीं मिलेगा | हर एक को अपनी सर्विस पे, कैसी सर्विस देता है, सामान की क्वालिटी क्या है, गुणवत्ता क्या है उसपे व्यापार करने को मिलेगा |

और भाइयो और बहनों मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि व्यापार करना और सरल होते जाएगा, जैसे जैसे GST आएगी, जैसे जैसे सभी लोग सामान्य दर के टैक्स भरेंगे तो टैक्स रेट कम होंगे | जब एक व्यक्ति गलत काम करेगा तो बाकी व्यापारी उस गलत काम को रोकने में लगेंगे तो सबका व्यापार सामान्य हो जायेगा, सबको एक दर्जे पे व्यापार करने को मिलेगा | एक मौका है देश इमानदार बनाने का और जब एक देश इमानदार बनता है तो नया निवेश भी आता है, नए नौकरी के अवसर मिलते हैं, गरीबों के कल्याण के नए काम किये जा सकते हैं | आखिर गरीबों के कल्याण के लिए सरकार को टैक्स जब आता है तो सबसे ज्यादा कल्याण का काम करने का मौका मिलता है | तो अगर इस देश में गरीबों की चिंता किसी ने की है तो वह प्रधानमंत्री मोदी जी ने की है, अगर व्यापारियों को गलत काम से मुक्त करवाने की चिंता की है तो वह प्रधानमंत्री मोदी जी ने की है, अगर किसानों की आय, किसानों की कमाई दुगनी करने का किसी ने विचार किया है तो वह प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है |

मेरे किसान भाई बताएं यहाँ पे क्या पिछले दो-ढाई वर्षों में, तीन वर्षों में कभी आपको खाद की कोई कमी पड़ी किधर भी? क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी जी ने विशेष चिंता की कि खाद हर एक को समय पे मिले, पर्याप्त मिले और कम दाम पे मिले, खाद के दाम अनेकों वर्षों में पहली बार अगर किसी सरकार ने कम किये तो प्रधानमंत्री मोदी जी ने कम किये | आज बिजली का जिकर राजेंद्र जी कर रहे थे और यह मेरे सूचना मेरे फ़ोन पे नहीं है आप सब अपने फ़ोन पे यह सूचना ले सकते हैं और मैं फ़ोन पे पढके आपको यह जानकारी दूंगा कि अभी के वक़्त कितनी बिजली उपलब्ध है पूरी व्यवस्था में | यह जानकारी सभी के लिए उपलब्ध है, जब आप चाहो उपलब्ध है |

अभी के समय, अभी बजे हैं 5.51 मिनट, आप की घडी में देख लें, अभी के समय उत्तर प्रदेश चाहे उतनी बिजली पॉवर एक्सचेंज से खरीद सकता है 2.53 रुपये में, 2.53 रुपये में | और लगभग 3000 MW बिजली अभी available है, उत्तर प्रदेश सरकार खरीद सकती है पॉवर एक्सचेंज में जाके, 2.53 रुपये में | और उत्तर प्रदेश की सरकार लिख रही है, हमें लिख के दे रही है, हमें लिखके दे रही है इसी साईट पे वह भी लिखा हुआ है कि पूरे उत्तर प्रदेश में आज उनकी shortage सिर्फ शून्य प्रतिशत है, इस समय शून्य shortage है | वैसे यह ख़ुशी की बात है कि वह लिख के दे रही है शून्य shortage है मतलब मेरी तरफ से उनको कोई शिकायत नहीं है जितनी बिजली चाहिए उनको उपलब्ध है | लेकिन क्या सब जगह पूरे उत्तर प्रदेश में चौबीस घंटे बिजली है क्या? कितनी बार हापुर में बिजली आती है और जाती है? यह देखिये यह राज्य सरकार के आंकड़े पढ़ रहा हूँ उन्होंने ही लिखके हमें भेजा है कि शून्य है इस समय बिजली की कमी | और इसलिए उन्होंने शून्य बिजली खरीदी है, पॉवर एक्सचेंज में बिजली available है लेकिन शून्य खरीदी है तो जब उत्तर प्रदेश की सरकार खुद कह रही है कि मेरे को बिजली की कोई कमी नहीं है, पूरी available है राज्य सरकार के पास तो क्यों नहीं सबको चौबीस घंटे बिजली मिल रही है?

तो यह दुर्भाग्य की स्थिति है कि लोगों को भ्रमित किया जा रहा है और यह भ्रम दिया जा रहा है कि जैसे उन्होंने सबको 24-22 घंटे बिजली दे दी, मैं समझता हूँ यह देनी थी तो 2012 के manifesto में कहा था | 2012 से दिवाली 2016 तक क्यों बिजली नहीं दी लोगों को और दिवाली के बाद कुछ दिनों तक खरीदी बिजली और फिर बंद करदी कि भाई हमने अपना कम कर लिया, जनता को अगवाह कर दिया, जनता को एक प्रकार से मैं तो समझता हूँ बेवक़ूफ़ बनाने का काम किया | और मुझे लगता है कि अगर प्रदेश में विकास चाहिए, अगर प्रदेश में कानून

व्यवस्था सुधारनी है, अगर प्रदेश में भ्रष्टाचार से मुक्त करना है सरकार को, एक इमानदार सरकार लानी है, एक विकास के प्रति समर्पित सरकार लानी है, एक ऐसी सरकार जो एक गुंडाई राज को ख़त्म करे और हमारी बहन माताओं को सुरक्षित महसूस कराए, व्यापारियों को सुरक्षा का अहसास हो |

तो समय आ गया है आपको विजय पाल जी को जिता के भेजें, भारतीय जनता पार्टी की एक इमानदार, अच्छी सरकार, अच्छा नेतृत्व जो विकास के लिए समर्पित रहे ऐसी सरकार का समय आ गया है | और मैं समझता हूँ कि जो मैंने गत तीन-चार दिनों में देखा है उसके बाद ऐसा कोई किसान, कोई व्यापारी, कोई समझ रखने वाला व्यक्ति चाहे वह कोई भी समुदाय का हो, चाहे वह कोई धर्म को पालन करता हो आज समाज समझ गया है, पूरा देश समझ रहा है कि अगर कोई सरकार, कोई नेतृत्व गरीबों को समर्पित है, अगर कोई नेता किसानों को शोषित, पीड़ित, वंचित के लिए समर्पित है, अगर कोई नेता चिंता करता है कि व्यापारियों का शोषण ना हो, अगर कोई पार्टी चिंता करती है कि महिलाओं को अच्छा इज़्ज़त मिले, स्थान मिले, युवाओं को रोज़गार के, स्वयं रोज़गार के मौका, अवसर मिले तो वह मात्र भारतीय जनता पार्टी और नरेन्द्र मोदी चिंता करते हैं |

आगे आने वाले दिनों में आपको एक बड़ा निर्णय करना है, बड़ा फैसला करना है | 11 तारीख दूर नहीं है भाइयो और बहनों, 11 तारीख उत्तर प्रदेश और हापुर के भविष्य का फैसला करेगी | आपको यह सोचना है कि अगर विकास, किसानों का अच्छा भविष्य, युवाओं के लिए एक अच्छी शिक्षा और हमने यह विश्वास दिलाया है उत्तर प्रदेश की जनता को कि हर लड़की को BA तक, Graduation तक मुफ्त शिक्षा मिलेगी, अच्छी शिक्षा मिलेगी | और जो लड़के 50% से अधिक marks लेके पास होंगे उनको भी Graduation तक मुफ्त शिक्षा मिलेगी |

मुद्रा योजना के तहत छोटे व्यापारियों को कम ब्याज़ के ऊपर ऋण मिलेगा और लगभग इस बार वित्त मंत्री ने उस ऋण की अमाउंट को दुगना कर दिया है, 3.5 लाख करोड़ छोटे व्यापारियों के लिए सुनिश्चित किये है कि उनको कम ब्याज़ पे मिलेगा | और किसानों के लिए 10 लाख करोड़ जो आज तक कभी भारत के इतिहास में नहीं हुआ है, 10 लाख करोड़ किसानों के लिए लोन भारत सरकार सुनिश्चित करेगी और उसमें उत्तर प्रदेश की भाजपा की सरकार इसको बिना ब्याज के, ब्याज मुक्त ऋण, ब्याज मुक्त लोन किसानों को मिलेगा | और हमने हर वर्ग के लिए इस घोषणा पत्र में चिंता की है, कैसे दलितों का उद्धार हो, कैसे दलितों को अच्छी शिक्षा मिले, कैसे दलितों को नए रोज़गार के अवसर मिले, कैसे एक प्रधानमंत्री ने तो एक दलितों के लिए नया Startup Fund की योजना बनाई है, कैसे वह उधमी बनके व्यापार कर सकें, कैसे वह भी अपनी एक इज्ज़त की ज़िन्दगी जी सकें | और मैं समझता हूँ समाज का हर वर्ग आज पहचान करता है कि बिना भेदभाव के अगर हर वर्ग का लाभ किसी ने दिलाया है तो वह प्रधानमंत्री मोदी जी की भाजपा सरकार ने और आगे आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार ने |

हर उत्तर प्रदेश के नागरिक को एक सम्मान का जीवन, एक स्वाभीमान का जीवन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार संकल्पित रहेगी | और मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ हमारे इस संकल्प पत्र में एक एक विषय को हमने सोच-समझ के जो विषय किये जा सकते हैं ऐसे विषय लिखे हैं जिससे किसी को भ्रमित न होना पड़े, किसी को अविश्वास की भावना ना आये, एक एक विषय में ऋण माफ़ करेंगे फसली ऋण तो इतना पैसा लगेगा, बिना ब्याज के किसानों को ऋण देंगे इतना पैसा लगेगा | नए फ़ूड पार्क बनाने हैं, आईटी पार्क बनानी है, उत्तर प्रदेश में रोड का जाल बिछाना है, हर एक चीज़ के लिए कितना पैसा लगेगा,

सिंचाई में कितना पैसा डाला जाएगा और मैं जाते जाते एक तोहफा हापुर के किसानों के लिए बताना चाहूँगा | जो किसानों के बाबा आदम के ज़माने के पंप चलते हैं, किसानों के पास 10-20-25 साल पुराने पंप हैं, साल में दो बार उनको copper की wire को winding करना पड़ता है, rewind, मुझे लगता है आधे किसान तो electrician ही बन गए होंगे अभी तक | हर एक किसान को पुराना पंप बदल के एक मुफ्त में नया पंप दिया जाएगा भारतीय जनता पार्टी के सरकार द्वारा |

और भाइयो बहनों यह पंप, यह पंप में एक फ्लो मीटर होगा कि पानी कितना निकला और कितना पानी उनके खेत में जा रहा है जिससे वह सही पानी मिले वह सुनिश्चित कर पाएंगे और पांच साल तक उसकी पूरी maintenance, कभी winding करनी पड़े, कुछ repair करना पड़े वह सरकार करेगी, पांच साल तक | और साथ ही साथ आपको खेत नहीं जाना पड़ेगा रात को, आप SMS से वह पंप चालू करेंगे और SMS से वह पंप बंद भी कर पाएंगे जब आपका मीटर बताए पानी पूरा हो गया | तो आप SMS से पंप चालू करो और सो जाओ चैन की नींद, जब पानी पूरा हो जाएगा तो आपका अलार्म बजेगा, उठो SMS भेजो पंप बंद | और यह पूरी स्कीम मैंने बना ली है, आंध्र प्रदेश में लागू की जा रही है, गुजरात में लागू करने का काम शुरू कर रहा हूँ, राजस्थान में शुरू कर रहा हूँ, यह होता है डबल इंजन का लाभ जब दो ...........साथ में काम करती हैं | और मैं मेरे व्यापारी भाइयों को भी बताना चाहूँगा, अभी हमने इनकम टैक्स में छूट दी सभी को, जब सबको छूट मिलेगी लगभग 12,500 रुपये एक एक की आमदनी में से इनकम टैक्स में बचेगा, हमारे किसान भाइयों के उत्पादन बढेगा, उत्पादन बढेगा उनकी आमदनी दुगनी होगी | तब आपका व्यापार भी बढेगा, तब आप व्यापार भी ज्यादा कर पाएंगे और आपकी भी आमदनी व्यापार से बढ़ पाएगी |

और व्यापारियों को इसलिए चिंता करने की ज़रूरत नहीं है क्योंकि मैं भैठा हूँ दिल्ली में और मैं सीधा संपर्क में हूँ वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री जी के साथ और मैं आपका प्रतिनिधि वहां हूँ कभी कोई व्यापारी के ऊपर कोई तकलीफ आये, कभी कोई व्यापारी को कोई तंग करे तो विजय पाल जी या राजेंद्र जी के पास सीधा आपका संघठन पहुंचे, विनीत जी के पास पहुंचे सारदाजी के और वह सीधा मेरे से संपर्क में हैं | और व्यापारी क्या चाहता है? व्यापारी चाहता है कि उसको समय पे ऋण मिल जाए, लोन मिल जाये, कम ब्याज पे मिले उसको साहूकार से महंगा ऋण ना मिले, व्यापारी चाहता है कि उसके दुकान में चौबीस घंटे बिजली आये, व्यापारी चाहता है कि उसके दुकान को सुन्दर बनाने के लिए मुद्रा योजना से जब चाहिए पैसा मिल जाये, बिना collateral security के, जामिन्दारी नहीं देनी पड़ेगी, आपको अपना घर नहीं, दुकान को गिरवी नहीं रखना पड़ेगा | आपको मुद्रा योजना में लोन मिल सकता है, व्यापारी चाहता है कि रात को चैन की नींद सोये और गुंडाराज से बचे, चाहता है कि नहीं व्यापारी? या यह चाहता है कि जो मैंने कल महसूस किया, कल भाइयो बहनों मैं सहारनपुर में था | सहारनपुर में जैसे ही मैं पहुंचा, दोपहर के 3.30 बजे थे, पहुँचते ही मुझे बहुत दुखी होना पड़ा, बहुत ही घिनौनी खबर मिली, सहारनपुर के एक व्यापारी, अरोरा नाम था उनका | वह कसबे में गए थे अपना पनीर और दूध का व्यापार करने, रोज़ जाते थे, सुबह गए सहारनपुर से, यह तीन दिन पुरानी बात है | शाम को लौटे नहीं, चिंता हुई, रात भर ढूंढते रहे लोग, पूरा रास्ता ढूँढा, आस पास के गाँव के खेत देखे | भाइयो बहनों सुबह, सुबह वह मिले |

मैं हेलीकाप्टर से उतर के सीधा उनके घर गया, उनकी माता जी को मिला, उनकी पत्नी को मिला, बहन को मिला और, बच्चे थे, दो | एक लड़की ग्यारवी में पढ़ती है, लड़का बारवी में पड़ता है | वह लड़की मेरा हाथ पकडके सिर्फ एक चीज़ बोल

रही थी, अंकल पापा तो गए, लेकिन उन्होंने इतनी बुरी तरीके से क्यों मारा, उनके हाथ पैर काटे, कि मुंह पे, मैं बता नहीं सकता हूँ भाइयो बहनों जितने घिनौने तरीके से उनकी हत्या की गई | और एक दिन पहले, परसों, मैं लखनऊ में था | लखनऊ में गया था प्रेस वार्ता करने, बिजली के बारे में बात करने, बड़े बड़े फैलें लेके गया था बिजली के बारे में | वहां जब पहुंचा तो क्या खबर मिली? एक श्रवण साहू, व्यापारी, को उसके दो दिन पहले अपने कल्ले पे बैठे हुए रात 8.30 बजे जब एक व्यापार का अच्छा समय होता है, 8.30 बजे आके एक व्यक्ति ने चार गोलियां भूंद के मौत के घात उतार दिया | और जानते हो क्यों? तीन वर्ष पहले 2013 में, आयूष साहू, उनके सुपुत्र को गुंडों ने मार के हत्या कर दी थी | उसका कोई कार्रवाई नहीं हुई, काफी समय तक जब पूरा व्यापारी समाज ने दबाव डाला तो पुलिस ने एक्शन लिया तो उसका जो आरोपी था वह पकड़ के जेल में आया | पर उत्तर प्रदेश शायद एक मात्र प्रदेश होगा जहां कारोबार जेल से चलता है आरोपियों का, 10 दिन पहले, हत्या के 8 दिन पहले जेल से फ़ोन आया श्रवण साहू जी को कि अगर आपने मेरे खिलाफ गवाही दी तो अंजाम बुरा होगा | पर क्या एक बाप का दिल एक धमकी से डरेगा? बाप ने कह दिया करना है जो करो मैं तो गवाही दूंगा और उसका परिणाम यह हुआ कि 3-4 दिन पहले बाप को भी अपनी जान गंवानी पड़ी | दो लोग एक परिवार के, लड़का पहले जाए बाप गवाही ना दे सके उसने बाप को मारा जाये धमकी देके जेल से, क्या ऐसा गुंडागर्दी का राज हम कोई भी व्यापारी को मंज़ूर है क्या?

और इसको ख़त्म करने के लिए आपको महनत करनी पड़ेगी, आपको 11 तारीख को सुबह सुबह उठके, आखिर कोई भगवान् भी तब देता है, अल्लाह भी तब आपको देता है, क्राइस्ट भी तब आपको देता है जब आप अच्छा कर्म करते हो, आप महनत करते हो, आप दो कदम आगे बढ़ते हो | 11 तारीख को अगर आपको

इस प्रदेश में एक अच्छी राज्य सरकार चाहिए, एक विकास, भ्रष्टाचार-मुक्त और गुंडाई मुक्त प्रदेश हम देखना चाहते हैं | तो आपको 11 तारीख को सबको सुबह 10 बजे के पहले यहाँ जितने मेरे भाई बहन बैठे हैं आप सबको घर से निकल के अपना वोट कमल का बटन दबाके भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाना होगा और कोई 10 बजे से शाम तक आराम नहीं करना है | हम में से एक एक व्यक्ति को कम से कम 25 वोट और डलवाने हैं कमल के बटन पे सुबह से शाम तक, तब परिवर्तन की लहर हापुर में आएगी | आखिर आपके कांग्रेस के प्रत्याशी ने क्या किया, पांच वर्ष से यहाँ पे एक विधायक थे क्या किया? आपको उसका जवाब.......

Ends.